भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1100
05 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

बेंगलुरु में मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार

†1100. श्री कृपानाथ मल्लाहः
श्री बंटी विवेक साहूः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दिसम्बर, 2025 की स्थिति के अनुसार भारत के मेट्रो रेल नेटवर्क की वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी कुल परिचालनात्मक लंबाई कितनी है और इसमें कितने शहरों को शामिल किया गया है;
(ख) उन मेट्रो रेल परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है जिनका वर्ष 2025 के दौरान उद्घाटन किया गया और जिनमें बेंगलुरू येलो लाइन, मुंबई मेट्रो लाइन-3 और भोपाल मेट्रो ऑरेंज लाइन शामिल हैं;
(ग) वर्ष 2025 के दौरान दिल्ली मेट्रो चरण-पाँच (क) और पुणे मेट्रो चरण-2 सहित कौन-कौन सी मेट्रो विस्तार परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है और उनकी अनुमानित लागत और समय-सीमा क्या है; और
(घ) यात्रियों की संख्या में कितनी वृद्धि हुई है और शहरी गतिशीलता और कार्बन उत्सर्जन में मेट्रो के विस्तार का क्या योगदान है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) वर्तमान में, आरआरटीएस सहित लगभग 1096 किलोमीटर मेट्रो रेल नेटवर्क देश भर के 26 शहरों में परिचालित है।

(ख) 2025 में उद्घाटन की गई मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-I के अनुसार है।

(ग) 2025 में अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजना का विवरण अनुलग्नक-II के अनुसार है।

(घ) मेट्रो की सवारियों की दैनिक औसत संख्या 2013-14 में 28 लाख से बढ़कर 2025-26 में 1.15 करोड़ प्रति दिन हो गई है। मेट्रो रेल परियोजनाओं ने एक विश्वसनीय और

उच्च क्षमता वाली सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करके शहरी गतिशीलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम हुई है, यातायात की भीड़ कम हुई है, जिसके परिणामस्वरूप वाहनों के उत्सर्जन में कमी आई है और ईंधन की बचत हुई है।

*****

अनुलग्नक ।

बेंगलुरू में मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1100 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

2025 में उद्घाटन की गई मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	**मेट्रो रेल परियोजना**	**उद्घाटन की गई परियोजनाओं की लंबाई (किमी में)**
1.	दिल्ली मेरठ आरआरटीएस	13
2.	दिल्ली मेट्रो चरण IV	1.8
3.	अहमदाबाद मेट्रो चरण II	1.9
4.	मुंबई मेट्रो लाइन 3	20.86
5.	कानपुर मेट्रो	6.4
6.	एमपी मेट्रो (इंदौर)	6.2
7.	बैंगलोर मेट्रो	19.15
8.	कोलकाता मेट्रो ईस्ट वेस्ट कॉरिडोर	2.45
9.	कोलकाता मेट्रो एमओआर	11.16
10.	पटना मेट्रो	2.7
11.	एमपी मेट्रो (भोपाल)	6.94

अनुलग्नक II

बेंगलुरू में मेट्रो रेल नेटवर्क का विस्तार के संबंध में दिनांक 05.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1100 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

2025 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मेट्रो रेल परियोजनाओं का विवरण:

क्र.सं.	**मेट्रो रेल परियोजना**	**लंबाई (किमी में)**	**लागत (करोड़ रुपए में)**	**मेट्रो परियोजना की स्वीकृति तिथि से पूरा होने का समय**
1.	दिल्ली मेट्रो चरण IV का रिठाला-कुंडली कॉरिडोर	26.46	6,230.99	4 से 6 वर्ष
2.	पुणे मेट्रो चरण 2ए और 2बी	12.75	3,626.24	
3.	डिपो स्टेशन से बोराकी एमएमटीएच तक नोएडा मेट्रो एक्वा लाइन का विस्तार	2.6	416.34	
4.	लखनऊ मेट्रो रेल परियोजना चरण 1 बी	11.165	5,801.05	
5.	पुणे मेट्रो चरण 2 लाइन 4 खराडी से खड़कवासला	31.63	9,857.85	
6.	दिल्ली मेट्रो चरण V	16.07	12,014.91	